भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1863
गुरूवार, 16 मार्च, 2023/25 फाल्गुन, 1944 (शक)

महाराष्ट्र में रोजगार कार्यालय

1863. श्री धनंजय भीमराव महादिकः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश, विशेष रूप से महाराष्ट्र राज्य में कार्यशील/प्रचालनरत रोजगार कार्यालयों की संख्या कितनी हैं;

(ख) गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान महाराष्ट्र में रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत बेरोजगार व्यक्तियों(पुरुष एवं स्त्री) की संख्या कितनी है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान महाराष्ट्र के रोजगार कार्यालयों के माध्यम से, महिलाओं सहित, रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी है; और

(घ) क्या पंजीकृत कंपनियां, जिनमें घरेलू और बहुराष्ट्रीय कंपनियां शामिल हैं, रोजगार कार्यालयों के माध्यम से अपनी कार्यबल संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्ष 2022 के दौरान देश में कुल रोजगार कार्यालयों की संख्या 1005 थी और इनमें से 36 महाराष्ट्र में थे।

महाराष्ट्र के रोजगार कार्यालयों से प्राप्त सूचना के आधार पर, पिछले तीन वर्षों के दौरान उन रोजगार चाहने वालों (नियोजित/बेरोजगार) जिन्होंने अपने को पंजीकृत कराया है, की संख्या इस प्रकार थी:

वर्ष	**पंजीकरण (हजारों की संख्या में)**	
	पुरूष	**महिला**
2020	107.9	35.8
2021	225.9	82.6
2022	347.2	140.2

इसके साथ-साथ, उक्त अवधि के दौरान महाराष्ट्र में रोजगार कार्यालयों के माध्यम से महिलाओं सहित लगभग 4.8 लाख व्यक्तियों ने रोजगार प्राप्त किया है।

सार्वजनिक और निजी दोनों नियोक्ताओं की आवश्यकता के अनुसार रोजगार कार्यालय, अधिसूचित रिक्तियों के आधार पर उम्मीदवारों को प्रायोजित करते हैं।

*****